जिला स्तरीय युवा उत्सव-2023 में आयोजित प्रतियोगिताओं हेतु नियम

शनिवार, दिनांक 04 मार्च, 2023, प्रात: 09:30 बजे से

स्थान-संस्कृत विश्वविद्यालय, बहादराबाद

पेंटिंग प्रतियोगिता :

- प्रतिभागियों को विभाग से चार्ट पेपर उपलब्ध्र कराया जायेगा।
- पेंटिंग से सम्बन्धित सामग्री जैसे- कलर, पेंट, पेन्सिल, रबर, स्केल आदि प्रतिभागी को स्वये लाना होगा।
- प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार का टीए/डीए भुगतान नहीं किया जायेगा।
- प्रतिभागी द्वारा प्रतियोगिता में मोबाईल फोन, इंटरनेट तथा कोई भी तस्वीर की सहायता नहीं ली जायेगी।

फोटोग्राफी प्रतियोगिता :

- प्रतियोगिता में प्रतिभागी द्वारा अपना स्वयं का कैमरा अथवा मोबाईल साथ लाना आवश्यक है।
- प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे युवाओं को उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, बहादराबाद, हरिद्वार के परिसर के अन्दर ही फोटोग्राफी करनी होगी।
- प्रतियोगिता का अधिकतम समय एक घंटा निर्धारित किया गया है।

कविता लेखन प्रतियोगिता :

- नेहरू युवा केन्द्र द्वारा कार्यक्रम स्थल पर कविता लेखन के लिए पैन एवं कागज उपलब्ध कराया जायेगा।
- प्रतिभागी अपना पैन भी प्रयोग कर सकते हैं।
- कविता लेखन का अधिकतम समय 01:00 घंटा रहेगा।

भाषण प्रतियोगिता :

- प्रतियोगिता में पंजीकृत प्रतिभागी को 07 मिनट का समय दिया जायेगा।
- मौखिक भाषण प्रतियोगिता में पढ़ने हेतु किसी भी प्रकार की सामग्री जैसे कि डायरी अथवा किसी भी प्रकार का कोई कागज का प्रयोग नहीं किया जायेगा।

सांस्कृतिक प्रतियोगिता :

- एकल प्रस्तुति मान्य नही होगी। सामूहिक प्रस्तुति मान्य होगी।
- प्रतियोगिता का समय 10 मिनट से अधिक नहीं होना चाहिए।

नोट :

- एक प्रतिभागी एक ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकता है।
- प्रतियोगितायें प्रात: 09:30 बजे से आरम्भ की जायेगी। सांस्कृतिक प्रतियोगिता 11:30 बजे से आयोजित की जायेगी।
- दिये गये टॉपिक (पांच प्रण) पर ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जायेगा।
- प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं की पुरस्कार राशि उनके बैंक खाते के माध्यम से प्रदान की जायेगी।
- समस्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु गुगल फार्म पर 02 मार्च, 2023 तक रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
- निर्णायकों का फैसला अन्तिम होगा।

Principal
S.M.J.N.P.G., College
HARIDWAR